हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 25 फरवरी 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 संघ की चेतावनी: मांगें नहीं मानी तो 27 फरवरी...



07 मड़ावरा में भीषण हादसा, बस की टक्कर से बाइक...



## खबर संक्षेप में

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**नलखेड़ा।** आगामी पर्व एवं त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टर प्रीति यादव की अध्यक्षता में बुधवार को अपरान्ह 4 बजे संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में आयोजित होगी। जिला प्रशासन ने जिला स्तरीय शांति समिति के समस्त सदस्यों से निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### जिले में रबी फसलीय गिरदावरी का कार्य 97 प्रतिशत पूर्ण

**नलखेड़ा।** रबी वर्ष 2025-26 अंतर्गत आगर-मालवा जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण के तहत गिरदावरी कार्य तेज गति से प्रगति पर है। कलेक्टर प्रीति यादव के मार्गदर्शन में जिले में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 97 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिले में 2,72,791.845 हेक्टेयर लक्ष्य के विरुद्ध 2,61,177.607 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में गिरदावरी पूर्ण की जा चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख प्रीति चौहान ने बताया कि तहसील सुसनेर 42,300.629 हे. लक्ष्य के विरुद्ध 41,958.201 हे. में गिरदावरी कर 99 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसी तरह तहसील सोयतकलां में 24,941.299 हे. लक्ष्य के विरुद्ध 24,051.009 हे. में गिरदावरी कर 96 प्रतिशत कार्य पूर्ण, तहसील बड़ौद में 73,332.742 हे. लक्ष्य के विरुद्ध 70,064.781 हे. में गिरदावरी कर 96 प्रतिशत कार्य पूर्ण, तहसील आगर 72,027.27 हे. लक्ष्य के विरुद्ध 68,187.19 हे. में गिरदावरी कर 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण और तहसील नलखेड़ा 60,189.905 हे. लक्ष्य के विरुद्ध 56,916.426 हे. में गिरदावरी कर 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया।

### अग्रवाल महिला मंडल ने मनाया फाग उत्सव

**नलखेड़ा।** अग्रवाल समाज महिला मंडल के तत्वावधान में 23 फरवरी को फाग उत्सव का कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 2 में स्थित समाज की नवनिर्मित धर्मशाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दो महिलाओं को राधा एवं कृष्ण के रूप में सजाकर मंच पर बिठाया तथा उनके फूलों की होली खेली गई। सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन जी के चित्र का पूजन अर्चन कर मंच पर विराजित राधा कृष्ण के सॉन्ग जमकर फूलों की होली खोली गई तथा महिलाओं ने भजन के साथ नृत्य कर होली के गीत गाए। अंत में राधा कृष्ण की आरती पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम समाप्ति पर सल्फहर का आयोजन भी रखा गया। उक्त कार्यक्रम महिला मंडल की अध्यक्ष अनीता मित्तल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस मौके पर समाज की रेखा गोयल, उषा मंगल, रुचि गोयल, प्रीति मित्तल, सुरभि गोयन, अनीता गोयल, उषा मंगल, रुचि गोयन, प्रीति मित्तल, सुरभि गोयन, अनीता गोयन, मीना मित्तल, रानू मित्तल, जागृति मंगल आदि महिलाएं उपस्थित थीं।

### जिले में 20 जैव आदान संसाधन केंद्र होंगे स्थापित

# 'प्राकृतिक खेती को मिलेगा बढ़ावा किसानों की आय में होगी वृद्धि'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष-2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। वर्ष अन्तर्गत आगर-मालवा जिले में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने एवं किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। जिले में 20 जैव आदान संसाधन केंद्र (बायो रिसोर्स सेंटर ) स्थापित किए जा रहे हैं। इन जैव आदान संसाधन केंद्रों पर जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र एवं दशपर्णी अर्क जैसे प्राकृतिक कृषि इनपुट तैयार किए जाएंगे। इन्हें कृषक स्वयं उपयोग करने के साथ-साथ अन्य किसानों को उचित मूल्य पर विक्रय किया जाएगा।

इस पहल से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, प्राकृतिक खेती का रकबा बढ़ेगा तथा किसानों को प्राकृतिक खाद एवं दवाइयां स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध होंगी। परिणामस्वरूप जिले एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। परियोजना संचालक 'आत्मा' किसान कल्याण तथा कृषि विकास, विजय चौरसिया ने बताया कि किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत जैव आदान संसाधन केंद्र स्थापना की यह पहल जिले को प्राकृतिक खेती की दिशा में एक नई पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होगी। जिले में प्राकृतिक खेती का रकबा बढ़ेगा। जिसका सीधा लाभ कृषकों और आम नागरिकों को मिलेगा। उन्होंन बताया कि प्रति केंद्र 3 लाख रुपए प्रतिवर्ष अनुमानित आय होगी, कुल 20 केंद्रों से कुल संभावित आय लगभगत 60 लाख प्रतिवर्ष होगी।







### इन स्थानों पर जैव आदान संसाधान केंद्र हो रहे स्थापित

जिले के विकासखण्डवार जैव आदान संसाधन केंद्र में विकासखण्ड आगर में मां मनसा जैव इनपुट संसाधन केंद्र, खजूरी कानड़, रूद्र जैव इनपुट संसाधन केंद्र, हामलाखेड़ी, मां पीताम्बरा जैव इनपुट संसाधन केंद्र, उमरिया देवड़ा, श्री राम चौहान जैव इनपुट संसाधन केंद्र, रामपुर भुंडवास, कृषि विज्ञान केंद्र जैव इनपुट संसाधन केंद्र, उज्जैन रोड, आगर में स्थापित किया जा रहा है। इसी तरह बड़ौद विकासखण्ड में मालवा माटी जैव इनपुट संसाधन केंद्र, बिनायगा, स्टार जैव इनपुट संसाधन केंद्र, कंकडेल, बड़ौद माटी जैवशक्ति जैव इनपुट संसाधन केंद्र, बड़ौद, श्री गणेश गौशाला जैव इनपुट संसाधन केंद्र, चिप्या, जय मां जैव इनपुट संसाधन केंद्र, टोकड़ा, सुसनेर विकासखण्ड में श्री बालाजी जैव इनपुट संसाधन केंद्र, लालाखेड़ी, श्री देव जैव इनपुट संसाधन केंद्र, कलारिया, कुशवाह जैव इनपुट संसाधन केंद्र, सोयतकलां, देवश्री कृषि जैव इनपुट संसाधन केंद्र, खिंदियाखेड़ी, अमृत जैव इनपुट संसाधन केंद्र, मैना और नलखेड़ा विकास खण्ड में श्री बाबा बर्फानी जैव इनपुट संसाधन केंद्र, माधोपुर, मुकाती जैव इनपुट संसाधन केंद्र, बगावद, बालाजी जैव इनपुट संसाधन केंद्र, किलोना, मां जैव इनपुट संसाधन केंद्र, कुशलपुरा, किसान तवीसा जैव इनपुट संसाधन केंद्र, नलखेड़ा में स्थापित किया जा रहा है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं आमजन की विभिन्न समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा मंगलवार को संयुक्त कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में 85 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम आगर मिलिंद ढ़ोके, सुसनेर सर्वेश यादव, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े, कमल मंडलोई, , तहसीलदार और जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान जय पिता भूपेंद्र कुमार शर्मा ने अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन, पीएफ एवं ग्रेच्युटी सहित अन्य हितलाभ दिलाए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदक ने बताया कि उसके पिता विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर बड़ौद में पदस्थ थे। सेवाकाल के दौरान पिता का निधन होने के उपरांत अब तक प्रकरण में कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिससे कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने प्रकरण जिला शिक्षा अधिकारी को निराकरण हेतु प्रेषित किया।

ग्राम किलौना निवासी शिवपाल सिंह ने कृषि भूमि पर अवैध कब्जा हटवाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि निजी भूमि पर अनावेदक व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया था, सीमांकन उपरांत अनावेदक व्यक्तियों द्वारा उक्त भूमि से कब्जा छोड़ा गया था, किन्तु पुनः बलपूर्वक कब्जा कर लिया गया। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार नलखेड़ा को आवेदन की जांच कर अवैध कब्जा होने पर हटवाने के निर्देश दिए गए। ग्राम ढोंटी निवासी दुर्गा शंकर प्रजापति ने ईंट निर्माण हेतु भूमि आवंटित करवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदक ने बताया कि वह गांव की शासकीय भूमि पर वर्षों से ईंट निर्माण कार्य कर अपनी अजीविका चला रहा है। भूमि ईंट निर्माण कार्य हेतु आवंटित की जाएं, जिससे भविष्य में कोई समस्या न हो। कलेक्टर ने एसडीएम आगर को आवेदन निराकरण करने के निर्देश दिए।

इसी तरह दूधपुरा निवासी अनिल ने बैटरी चलित मोटराईज्ड ट्रजइसिकल का चार्जर जलने पर ठीक करवाने, बालूसिंह द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत आवास लाभ एवं आवासीय पट्टा प्रदान करवाने, डोंगरगांव निवासी सुगन बाई ने वृद्धावस्था पेंशन प्रारंभ करवाने सहित अन्य समस्याओं को लेकर आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए।

## चाइल्ड हेल्पलाइन की सूचना पर रोका गया 16 वर्षीय बालिका का बाल विवाह



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है और नागरिकों को बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूक किया जा रहा है। महिला बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी शज्ञानेश खरे ने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिले में ब्लॉक स्तरीय रोकथाम दलों का गठन किया गया है।

इसी क्रम में महिला बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग और एनजीओ के संयुक्त दल द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन से मिली सूचना पर सीहोर के वार्ड क्रमांक 12 दुर्गा कॉलोनी में हो रहे बाल विवाह को रूकवाया गया। इस दौरान जानकारी दी गई कि बालिका लाड़ली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित है और बालिका की आयु 16 वर्ष है। दल द्वारा विवाह की रोकथाम के साथ ही बालिका के माता-पिता और परिवार को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों, सजा और जुर्माने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। समझाइश के बाद बालिका के माता-पिता और परिवार ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक बालिका का विवाह न करने पर सहमति दी और शपथ पत्र भी दिया। यह कार्यवाही पर्यवेक्षक भुपेन्द्र अहिरवार, सुमित गौर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य कर्मचारियों द्वारा की गई।




### संत गाडगे महाराज की जयंती मनाई

**कानड़।** रजक समाज द्वारा संत शिरोमणि गाडगे बाबा की 150वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम सोमवार को पचलाना रोड पर आयोजित किया गया। जयंती समारोह की शुरुआत संत गाडगे महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद राधेश्याम बरेठा अध्यापक ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने की अपील की। उन्होंने कहा कि संगठन में ही शक्ति है, इसलिए सभी को संगठित होकर समाज के लिए कार्य करना चाहिए। समाज के लोगों ने बाबा के बताए स्वच्छता, सेवा को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बाबूलाल करवा, प्रकाश बरेठा, दिनेश बरेठा, रामेश्वर बरेठा, अशोक करवा, सूरज बरेठा, विष्णु बरेठा, दीपक बरेठा, जितेन्द्र बरेठा, रोहित बरेठा सहित रजक समाज के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 20 लाख के जीर्णोद्धार में घटिया सामग्री का उपयोग, रेत की जगह चूरी से प्लास्टर-टाइल्स, पेटी कॉन्ट्रैक्टर पर अनदेखी का आरोप

**सीहोर।** जिला मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में दो भवनों के जीर्णोद्धार का कार्य विवादों में घिर गया है। ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा विभाग की देखरेख में चल रहे करीब 20 लाख रुपए के इस कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है। आरोप है कि अधिकारियों की नाक के नीचे ही घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग हो रहा है।

मौके पर टाइल्स लगाने और प्लास्टर करने में रेत की जगह धड़ल्ले से 'चूरी' (बारीक गिट्टी या ईंट का चूरा) का इस्तेमाल किया जा रहा है। निर्माण विशेषज्ञों के अनुसार, चूरी के उपयोग से प्लास्टर और टाइल्स कुछ समय बाद उखड़ने लगते हैं, जिससे निर्माण की टिकाऊपन पर सवाल उठते हैं।



### गति और गुणवत्ता दोनों पर प्रश्नचिह्न

नियमों के अनुसार, निर्माण एजेंसी को स्वयं कार्य की निगरानी करनी चाहिए, लेकिन यहां मुख्य ठेकेदार ने काम पेटी कॉन्ट्रैक्टर को सौंप दिया है।

निगरानी के अभाव में पेटी कॉन्ट्रैक्टर अपनी मनमर्जी से काम कर रहा है। दोनों भवनों में प्लास्टर, टाइल्स, वाटर प्रूफिंग, विद्युतीकरण और पुट्टी का काम होना है, जिसकी गति और गुणवत्ता दोनों पर प्रश्नचिह्न लगे हैं। निर्माण स्थल पर लंबे समय से किसी इंजीनियर ने दौरा नहीं किया है, जिससे ठेकेदार के हौसले बुलंद हैं। इस लापरवाही के कारण गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग बेरोकटोक जारी है।

इस संबंध में, ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा (आरईएस) सीहोर के कार्यपालन यंत्री (ईई) एके पंथी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि काम में गुणवत्ता खराब पाई गई तो उसे उखड़वा दिया जाएगा।

### संत शिरोमणि गाडगे महाराज की 150वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई



**सीहोर।** सोमवार को स्थानीय इंदौर नाका घाट पर शिरोमणि संत गाडगे महाराज की 150 वी जयंती बड़े ही सोहार्द पूर्ण तरीके से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर एवं गौरव सन्नी महाजन द्वारा संत शिरोमणि गाडगे जी महाराज के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित किये गये। साथ ही रजक समाज बंधुओं, कार्यकर्ताओं, एवं एबीडीएम युवा सीहोर समिति सदस्यों ने गाडगे बाबा को श्रद्धा के फूल अर्पित किए। मुख्य अतिथियों का कार्यक्रम अध्यक्ष सोनू मालवीय, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र मालवीय, दीलिप रजक, प्रहलाद डाकसाब के द्वारा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ समाज के वरिष्ठनों को भी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं पार्षद प्रतिनिधि मांगीलाल मालवीय, बिहारीलाल, विष्णुजी (बगीचा), धर्मेन्द्र मालवीय, दिनेश बिजोरा, प्रहलाद मालवीय, सुभाष मालवीय, दिलीप रजक, राधेश्याम इक्वोरिया, शिवप्रसाद इक्वोरिया शुजालपुर सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे। अखिलेश राय ने गाडगे महाराज की 150 वी जयंती कार्यक्रम समाज जनों द्वारा भव्यता के साथ मनाये जाने एबीडीएम युवा इकाई एवं मेन इकाई सीहोर के सभी सदस्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के उत्थान के लिये मैं हमेशा समाज के साथ हूं। नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने कहा कि समाज के सर्वोच्च विकास में नगर पालिका परिषद हर सम्भव तत्पर है। अंत में एबीडीएम युवा इकाई के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र मालवीय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## मां बगलामुखी मंदिर के पट 3 मार्च को बंद रहेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

आगामी 3 मार्च को चंद्रग्रहण होने के कारण मां बगलामुखी मंदिर के दर्शन बंद रहेंगे। उक्त बाबत तहसीलदार एवं पदेन सचिव मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति प्रियंक श्रीवास्तव ने सूचना जारी कर बताया कि 3 मार्च को चंद्रग्रहण सुतक के कारण मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शन एवं हवन कार्य बंद रहेंगे। उन्होंने बताया कि अगले दिन 4 मार्च को मंगलाआरती के बाद दर्शन व हवन कार्य प्रारंभ होंगे।

### बाजार में 10 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक में मिल रहीं पिचकारियां

# होली के लिए बाजार में पिचकारियों की नई वैरायटी, त्रिशूल हथौड़ा, इलेक्ट्रॉनिक गन और नागिन की ज्यादा डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में होली का त्योहार नजदीक आते ही बाजार पिचकारी और रंग-गुलाल की दुकानों से सज गए हैं। ये दुकानें ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इस साल होली पर बाजार में पिचकारियों की नई और आकर्षक वैरायटी उपलब्ध है, जो ग्राहकों को खूब पसंद आ रही है।

इस बार त्रिशूल, हथौड़ा, तंबोला, इलेक्ट्रॉनिक गन और टैंक वाली पिचकारियों की विशेष मांग है। बच्चों के लिए मोटू-पतलू पिचकारियां भी बाजार में उपलब्ध हैं।

**1000 रुपए तक की पिचकारियां :** खास बात यह है कि इस साल पिचकारियों पर महंगाई का असर नहीं पड़ा है, कीमतें पिछले साल के समान ही हैं। बाजार में 10 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक की पिचकारियां मौजूद हैं। इस बार नेताओं के चित्रों वाली पिचकारियां गायब हैं, जबकि सुपरहिट फिल्मों के थीम पर आधारित पिचकारियां बाजार में छाई हुई हैं। पिचकारियों के दुकानदार मोहित अरोरा ने बताया कि 'पुष्पा' फिल्म की कुल्हाड़ी जैसी पिचकारी और 'गदर 2' का हथौड़ा लोगों को खूब पसंद आ रहा है।





भगवान भोलेनाथ का त्रिशूल भी पिचकारी के रूप में काफी बिक रहा है। पहली बार बाजार में आई तंबोला पिचकारी और इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी भी ग्राहकों का ध्यान खींच रही हैं। बच्चों में कार्टून नेटवर्क के मोटू-पतलू की पिचकारियां भी लोकप्रिय हैं। स्प्रे के रूप में रंग बरसाने वाली पिचकारियां भी बाजार में उपलब्ध हैं। बाजार में उपलब्ध कुछ नई पिचकारियां जैसे इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी 550 रुपए, नागिन 180 रुपए, कैंडी 60 रुपए, तंबोला 200 रुपए, पुष्पा फिल्म की कुल्हाड़ी 150 रुपए, गदर 2 का हथौड़ा 200 रुपए और इलेक्ट्रॉनिक गन 500 रुपए में बिक रही हैं।

## खबर संक्षेप

### परिवहन विभाग ने शिविर कियाआयोजित

**देवास।** जिला परिवहन कार्यालय देवास द्वारा सी.एम. हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के लिये मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने पंजीबद्ध सी.एम. हेल्पलाइन के आवेदकों/शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुना तथा तत्काल उनका निराकरण किया गया। जिला परिवहन अधिकारी चौहान ने शिविर में उपस्थित हुए आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा मौके पर ही आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण करवाया जाकर शिविर में उपस्थित आवेदकों की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया है। शिविर में मौके पर ही 7 शिकायतों का सन्तुष्टीपूर्वक निराकरण दर्ज किया गया। कार्यालय में शेष रही 7 शिकायतों के संबंध में आवेदकों को निर्धारित वांछित औपचारिकताएँ एवं दस्तावेज पूर्ण करवाने के संबंध में जानकारी प्रदाय की। इसके संबंध में आवेदकों ने शीघ्र ही निर्धारित दस्तावेज शीघ्र प्रस्तुत कर सी.एम. हेल्पलाइन के निराकरण के लिये कहा गया।

### 136 आवेदकों का प्राथमिक चयन

**देवास।** जिला प्रशासन देवास तथा आयुक्त तकनीकी शिक्षा कौशल रोजगार एवं उदयोग विभाग के आदेशानुसार बेराजगार आवेदकों को निजी संस्थाओं में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए "युवा संगम" आयोजन के अन्तर्गत रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटीशीप के अवसर एक ही छत के नीचे देने के उद्देश्य से जिला व्यापार उद्योग केन्द्र रोजगार कार्यालय एवं आईटीआई देवास द्वारा "युवा संगम" का आयोजन मंगलवार को मल्हार स्मृति सभाकक्ष में किया गया।युवा संगम में 15 निजी संस्थाओं ने भाग लिया एवं रोजगार प्राप्त करने के लिए 185 आवेदकों द्वारा पंजीयन कराया गया। निजी संस्थाओं द्वारा 136 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। युवा संगम में स्वास्थय विभाग ने आवेदकों का स्वास्थय परीक्षण किया गया।

### अनूपपुर में पटवारियों का वेतन रोकने और निलंबन के विरोध में संघ का प्रदर्शन

# संघ की चेतावनी: मांगें नहीं मानी तो 27 फरवरी से करेंगे प्रदेशव्यापी आंदोलन

संघ ने दंडात्मक कार्रवाई को को बताया विधि-विरुद्ध, तत्काल समाप्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मप्र पटवारी संघ जिला देवास ने अनूपपुर जिले के पटवारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग मप्र एवं सीएलआर (भू-संसाधन एवं प्रबंधन) के नाम जिला कलेक्टर देवास के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अनूपपुर जिला प्रशासन पर हठधर्मिता एवं अनैतिक कार्यवाहियों के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। संघ के जिलाध्यक्ष मोहन राठौर ने बताया कि अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक कई अवसरों पर पटवारियों का वेतन रोका गया। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2025 में तहसील जैतहरी के पटवारियों का वेतन रोका गया, इसके बाद जुलाई, अगस्त और सितंबर 2025 में भी माह के अंतिम दिनों में वेतन स्थगित कर दिया गया। दीपावली और दशहरा जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान भी वेतन भुगतान नहीं किए जाने से कर्मचारियों को आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जनवरी 2026 का वेतन भी 30 जनवरी को आगामी आदेश तक रोक दिया गया, जो अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। संघ ने इसे कर्मचारी परिवारों के अधिकारों का हनन बताया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के बीच 38 पटवारियों पर कुल 2 लाख 64 हजार 625 रुपये का अर्थदंड लगाया गया। संघ का आरोप है कि यह कार्रवाई बिना आवेदक की अपील के की गई, जबकि लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत पटवारी समय-सीमा सेवा के पदाविहित अधिकारी नहीं हैं। संघ ने इस दंडात्मक कार्रवाई को विधि-विरुद्ध बताते हुए इसे तत्काल समाप्त करने की मांग की है। संघ के अनुसार उक्त अवधि में लगभग 30 पटवारियों को बिना पूर्व नोटिस के निलंबित किया गया, जिनमें से 9 पटवारी अभी भी निलंबित हैं। संघ ने सभी निलंबित पटवारियों को तत्काल बहाल करने की मांग की है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि प्रतिदिन शाम 6 बजे से 10 बजे तक बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जिनमें महिला पटवारी भी शामिल होती हैं। अवकाश के दिनों में भी कार्य प्रगति का दबाव बनाए रखने तथा लघु सिंचाई संगणना, कृषि संगणना और स्वामित्व योजना के भुगतान लंबित रखने पर भी आपत्ति जताई गई है।

#### चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो 25 और 26 फरवरी 2026 को प्रदेशभर के पटवारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। साथ ही सभी जिलाध्यक्ष अनूपपुर कलेक्ट्रेट का घेराव कर सकते हैं। यदि इसके बाद भी मांगें पूरी नहीं होती हैं तो 27 फरवरी 2026 से प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन अनूपपुर की होगी। ज्ञापन के दौरान जिला सचिव अनिल सोलंकी, जिला कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार जावरिया, देवास ग्रामीण तहसील अध्यक्ष अजय वर्मा, देवास नगर तहसील अध्यक्ष अमित शर्मा, हेमंत जलवानिया, पूर्व प्रांतीय संगठन मंत्री प्रदीप भंडारी, टोंकखुर्द तहसील अध्यक्ष शंकर लाल पंड्या, दीपक बोरीवाल, रेखा राठौड़, दीपाली जोशी, प्रिया ठाकुर, अतुल भार्गव, सोनकच्छ तहसील अध्यक्ष नरेंद्र विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में जिले भर के पटवारी उपस्थित रहे।

### पंडित शर्मा ने तोड़ा 45 दिन का मौन व्रत, क्षेत्रीय विधायक रहे मौजूद



**भौंरासा।** ग्राम भलाईकला में प्रसिद्ध सूर्यमुखी खेड़ापति हनुमान मंदिर स्थित है जिसके पंडित महाराज बाबूलाल शर्मा ने 10 जनवरी से आज 24 फरवरी 2026 तक मौन व्रत रख क्षेत्र, प्रदेश एवं देश की सुख समृद्धि खुशहाली के लिए कामना की। मंगलवार सुबह 11:30 बजे पंडित शर्मा का मौनव्रत तुड़वाने, संत मिट्ठू सरकार, भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव, सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, सहित भाजपा नेता पहुंचे। इस आयोजन पर एक विशाल भंडारे का आयोजन भी रखा गया था जिसमें ग्रामीण क्षेत्र व आसपास के ग्रामवासियों ने महाराज के दर्शन एवं भोजन प्रसादी का लाभ लिया। इस अवसर पर विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि संतों के सानिध्य के बगैर मानव जीवन का कल्याण नहीं हो सकता। मानव को मानव बनाने का काम अगर किसी ने किया है तो वह संतो ने किया है और हम बहुत भाग्यशाली है कि समय समय पर हमें संतों का सानिध्य मिलता रहता है। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश राठौर ने किया। इस दौरान बहादुर सिंह पिलवानी, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री महेश पाटीदार, बबलू ठाकुर, सोनकच्छ मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राजपूत, नगर परिषद भौंरासा अध्यक्ष संजय जोशी,उपाध्यक्ष जय सिंह राणा,डॉ.रूप सिंह नागर,अर्जुन सेंधव,नरेन्द्र माली,जीवन सिंह राजपूत,सुमेर सिंह नागर, मुकेश मालवीय सहित भाजपा नेता व आसपास के ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार अर्जुन सेंधव ने माना।

## समग्र पोर्टल की लापरवाही: बहू को बेटी बताकर सरकारी रिकॉर्ड में गड़बड़ी

### पीड़ित परिवार दर-दर भटकने को मजबूर




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

एक ओर सरकार आमजन को बेहतर और पारदर्शी सुविधाएं देने के लिए डिजिटल व्यवस्था को बढ़ावा दे रही है, वहीं लापरवाही और सिस्टम की खामियों के कारण यही डिजिटल व्यवस्था कई लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। ऐसा ही एक गंभीर मामला बागली जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत आगुर्ली से सामने आया है, जहां समग्र पोर्टल में बड़ी त्रुटि के चलते एक बहू को बेटी के रूप में दर्ज कर दिया गया है।

ग्राम आगुर्ली निवासी अभिषेक पिता मनोहरलाल चौधरी ने बताया कि समग्र पोर्टल पर उनकी मां को उनकी बेटी के रूप में दर्ज कर दिया गया है। इस गंभीर गलती को सुधारने के लिए वे लंबे समय से ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा कलेक्टर कार्यालय देवास के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है।पीड़ित परिवार का कहना है कि उन्होंने कई बार पंचायत सचिव, समग्र पोर्टल ऑपरेटर और जनपद कार्यालय के अधिकारियों को इस त्रुटि के बारे में अवगत कराया, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी हर बार "हो जाएगा" कहकर मामला टालते रहे। समग्र पोर्टल में गलत जानकारी दर्ज होने के कारण परिवार को छात्रवृत्ति, पारिवारिक लाभ सहित अन्य कई सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है।पीड़ित परिवार ने मांग की है कि समग्र पोर्टल में तत्काल सुधार किया जाए, दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए और भविष्य में ऐसी लापरवाही रोकने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। परिवार का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन और अन्य उच्च स्तरों पर शिकायत करने के लिए मजबूर होंगे। मामले में ग्राम पंचायत सचिव आगुर्ली रामचंद्र मालवीयका कहना है कि मुझे इस संबंध में पहले जानकारी नहीं थी। आपके माध्यम से जानकारी मिली है, मामले को समझकर समग्र पोर्टल में सुधार कर दिया जाएगा।

### आईडीए ने विद्यार्थियों का किया दंत परीक्षण

**देवास।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन, देवास शाखा द्वारा उज्जैन रोड स्थित फेथ फाउंडेशन स्कूल में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के साथ पहुंचकर दंत जांच कराई। इस दौरान चिकित्सकों ने बच्चों को दांतों की नियमित सफाई, संतुलित आहार और मौखिक स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी।शिविर में डॉ. नेहा आनंद, डॉ. नितिन मूंगी, डॉ. वरुण आनंद, डॉ. वकार अहमद, डॉ. निष्ठा जैन, डॉ. चेतना जायसवाल, डॉ. राजसी केलकर, डॉ. वसीम पठान, डॉ. अंकित अग्रवाल एवं डॉ. चेतन जोशी की सक्रिय सहभागिता रही।

## आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त ने की निगम अधिकारियों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




स्वच्छता सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए आगामी माह में होने वाले सर्वेक्षण के लिए निगम ने तैयारी की है।आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारी के लिए निगम के सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी और स्वच्छता निरीक्षकों के साथ बैठक हुई। सर्वेक्षण गाईड लाईन के अनुरूप किए जाने वाले कार्यों की जानकारी ली।

साथ ही स्वच्छता सफाई कार्यों को लेकर स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसौदिया को रोड़ स्वीपिंग कार्य के लिए तथा सूर्यप्रकाश तिवारी को सामुदायिक और सार्वजनिक शैचालयों तथा रेड स्पॉट के लिए कार्य में स्वच्छता निरंतर बनाए रखने, स्वच्छता निरीक्षकों को सर्वेक्षण निरीक्षण गाईड लाईन के अनुसार की जाने वाली स्वच्छता व्यवस्था पर ध्यान देने के साथ रात्रिकालीन सफाई पर विशेष नजर बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आयुक्त ने प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग करने वाले छोटे- बड़े व्यावसायकों एवं अन्य प्रतिष्ठानों पर चेकिंग अभियान चला कर अमानक पोलिथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिष्ठानों पर पाए जाने पर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश स्वच्छता निरीक्षकों को दिए। जिन वार्डों से सेग्रीगेशन में गीला एवं सूखा कचरा मिश्रित आ रहा है उन वार्डों में कचरा संग्रहण वाहनों में गीला सूखा कचरा पृथक कर डस्टबीनों में डलवाए जाने पर भी जोर दियाप्रमुख चौराहों एवं जिन स्थानों पर गीले एवं सूखे कचरे की डस्टबिन लगी हुई है उसकी निरंतर सफाई करें तथा जो डस्टबिन खराब हो रहीं हैं या टूट फूट रही हैं उनको बदलने के निर्देश दिए। व्यवस्था में पूर्ण रूप से सुधार के लिये स्वच्छता नोडल अधिकारी सौरभ त्रिपाठी को निर्देशित किया।

## बिलावली शिव मंदिर में भगदड़ से निपटने का किया गया अभ्यास, मॉकड्रिल आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, म.प्र. गृह विभाग, भोपाल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के परिपालन में 24 फरवरी को देवास स्थित बिलावली शिव मंदिर परिसर में भगदड़ संबंधी जिला स्तरीय मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर परिसर में टेबल टॉप एक्सरसाइज से की गई, जिसमें आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों की भूमिका एवं समन्वय पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके पश्चात वास्तविक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मॉकड्रिल का अभ्यास किया गया। मॉकड्रिल में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम अभिषेक सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने संबंधित विभागों की तत्परता एवं समन्वय की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभ्यास से आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकती है। अभ्यास में स्वास्थ्य विभाग, एसडीईआरएफ, होमगार्ड, नगर निगम, सिविल डिफेंस, पुलिस विभाग, शासकीय स्कूल के विद्यार्थी तथा आमजन सहित लगभग 110 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। मॉकड्रिल के माध्यम से भगदड़ की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों का सफल प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संभावित आपदाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा।

### कृषि उपज मंडी देवास में दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला का हुआ शुभारम्भ

# जिले के किसान उद्यानिक फसलों की करें खेती: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकी की जानकारी देने, खेती में लगने वाले कृषि आदान, उन्नत बीज, खाद, दवाई एवं नवीनतम कृषि उपकरण, उन्नत सिंचाई के साधन की जानकारी एक ही स्थान पर दिलाने के उद्देश्य से मिलेट मिशन एवं राष्ट्रीय तिलहन मिशन ऑन इडिबल आइल योजनान्तर्गत कृषि उपज मंडी देवास में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला का शुभारम्भ कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने मंगलवार को किया। कलेक्टर सिंह ने जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेले में नवीनतम कृषि उपकरण, उर्वरक, कीटनाशक, खाद, बीज, उन्नत सिंचाई के साधन एवं कृषि विज्ञान मेले में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी के लिए प्रदर्शनी का अवोलकन किया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, भैरूलाल अटारिया, बहादुर सिंह राजपूत, संयुक्त संचालक कृषि उज्जैन उम्मेद सिंह तोमर, उप संचालक कृषि गोपेश पाठक, उप संचालक उद्यानिकी राजू बडवाया, कृषि विज्ञान केन्द्र से वैज्ञानिक डॉ महेन्द्र सिंह, मण्डी सचिव अरविन्द परिहार, आत्मा से एमएल सोलंकी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, किसान संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हम यह वर्ष किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे है, जिसके तहत हम किसानों का नवीन पद्धति से कृषि करना, फसल विविधिकरण आदि के माध्यम से किस प्रकार उन्नत कृषि कर सकते है, इसके लिए शासन द्वारा किसानों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी खेती से हम तत्काल लाभ ले सकते हैं, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा जागरूकता के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान हमारा अन्नदाता है तो हम उम्मीद करते है कि अन्नदाता रासायनिक मुक्त अनाज उत्पादित करें। आज लगातार रासायनिक खाद का उपयोग कर मृदा की उर्वकता समाप्त की जा रही है। जिसे हम फसल विविधिकरण के माध्यम से कम कर सकते है।

बाजार में पारम्परिक फसलों के अलावा बहुत से अनाज, फल, सब्जी, मसाले भी उपलब्ध है, जो कि हम दूसरे स्थानों से आयात करते है। जिले के किसान भी इन फसलों लगाकर अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। कलेक्टर सिंह ने जिले के किसानों से आग्रह किया कि हमें मूंग से उड़द में शिफ्ट होना चाहिए। इसके लिये शासन द्वारा 600 रूपये प्रति क्विंटल बोनस के रूप में दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान भाई फसल कटाई उपरांत नरवाई नहीं जलाये।

नरवाई प्रबंधन के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरण उपलब्ध है। किसान उनका उपयोग कर नरवाई प्रबंध कर सकते है। उन्होंने कहा कि ई-टोकन के माध्यम से जिले में किसानों को खाद वितरण किया जा रहा है। जिले के किसान ऐग्री स्टैक शीघ्र बनवालें, जिससे उन्हें सुगमता से खाद मिल सकें। उन्होंने कहा कि मण्डी प्रागंण में शीघ्र ही ग्रैडिंग एवं सोर्टिंग मशीन लगने वाली है। जिसके माध्यम से किसान अपनी फसल साफ कर उचित दाम पर क्रय कर सकेगा।

कलेक्टर श्री सिंह ने कृषक सूर्य मित्र योजना की जानकारी देते हुए बताया कि योजना अंतर्गत किसानों को सोलर पम्प लगवाने पर 90 प्रतिशत का अनुदान सरकार द्वारा दिया जाता है। जिले के अधिक से अधिक किसान इस योजना का लाभ लें। मेले में नई तकनीकों के खेती कर रहे किसानों ने अपना अनुभव साझा किया कि किस प्रकार वे द्वारा किस प्रकार वे नई तकनीकों से फसल का उत्पादन कर अच्छी आय अर्जिक कर रहे है। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने ई-कृषि यंत्र योजना अनुदान अंतर्गत ई-कृषि यंत्र खरीदने वाले किसानों को अनुदान प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए।

## न्यायाधीश मिश्र ने जिला जेल देवास में लाइब्रेरी का उद्घाटन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र ने मंगलवार को जिला जेल देवास में बंदियों के लिये लाईब्रेरी का उद्घाटन किया। लाइब्रेरी में निर्देशक आई.टी. ग्रीक्स टेंक्नोलॉजी प्रायवेट लिमिटेड राहुलसिंह परिहार के सहयोग से बंदियों के लिये साहित्य, इतिहास, धर्म एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित 200 पुस्तकें प्रदान की गई है। इस अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया। इस अवसर प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र ने बंदियों को लाइब्रेरी के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास करने के लिए जागरूक किया। जीवन बदलने के लिये एक पुस्तक ही काफी है, पुस्तकें आपको पड़ने एवं शिक्षित होने हेतु प्रेरित करेंगी। कोई भी जन्मजात अपराधी नहीं होते, जेल में रहकर अच्छा सीखिए और अच्छा इंसान बनने में पुस्तकें आपकी मदद करेंगी। जिला जेल में लाईब्रेरी का शुभारंभ होना बंदियों के शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त करने के लिए नई शुरूआत है। शिविर में रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास व जेल अधीक्षक, जिला जेल देवास, स्टॉफ सहित, बंदीगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दहेज के लिए विवाहिता से मारपीट, केस दर्ज किया

**मड़ावरा (ललितपुर)।** थाना मड़ावरा क्षेत्र में दहेज उत्पीडऩ का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित सात ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद पीड़िता मायके में रहने को मजबूर बताई जा रही है।पुलिस के अनुसार ग्राम डडौली कला निवासी पुष्पा (पत्नी कृष्णा) ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी शादी 1 जुलाई 2016 को हुई थी। विवाह के बाद से ही पति कृष्णा, ससुर डडोरे, सास पार्वती, जेठ नेत्र, जेठानी मानकुंवर, देवर ऋषि और उसकी पत्नी वर्षा दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते रहे। पीड़िता का आरोप है कि 10 दिसंबर 2025 को ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। लगातार हो रहे उत्पीडऩ से परेशान होकर वह अपने मायके में रहने लगी। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना मड़ावरा पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 85, 115(2), 352, 351(2) व 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### चार पहिया वाहन की टक्कर से दो घायल

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की टक्कर से दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत रहने वाले कुंजीलाल कुशवाहा ने कोतवाली ललितपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 21 फरवरी 2026 की शाम करीब 7 बजे उनका पुत्र राजाराम कुशवाहा अपने साथी सतेंद्र के साथ मोटरसाइकिल (नं. यू.पी.94 ए.एफ. 3612) से महरौनी की ओर जा रहा था। आरोप है कि जैसे ही वे पटसेमरा तिराहे के पास पहुंचे, तभी तेज गति से आ रहे चार पहिया वाहन (नं. यू.पी. 94 डब्ल्यु 4555) ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राजाराम और सतेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल ललितपुर में भर्ती कराया गया, जहां जांच में राजाराम के पैर में दो जगह फ्रैक्चर पाया गया और उसे रेफर कर दिया गया।कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### महिला ने अश्लीलता कर धमकी का लगाया आरोप

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र में एक महिला के साथ अश्लील हरकत और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बार क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 9 फरवरी 2026 को सुबह करीब 5.30 बजे वह शौच के लिए अपने खेत पर गई थीं। उसी दौरान गांव के ही राजदीप पुत्र मूरत यादव वहां मिला और कथित रूप से उनके साथ अश्लील हरकत करते हुए हाथ पकड़ लिया। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग गया।पीड़िता का आरोप है कि घटना की जानकारी पति को देने के बाद जब वे लोग 22 फरवरी की शाम आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे, तो वहां मौजूद उसके भाई ब्रजेश पुत्र मूरत यादव ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। थाना बार पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### ई-रिक्शा की टक्कर से वृद्धाघायल, चालकअज्ञात


**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से एक वृद्ध महिला घायल हो गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि ग्राम जामुनखाना खुर्द निवासी गेंदारानी पत्नी स्व. भोरेलाल ने कोतवाली ललितपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 17 नवंबर 2025 को सुबह करीब 11 बजे वह दवा लेने के लिए मेडिकल जा रही थीं। आरोप है कि जैसे ही वह रामराजा मंदिर के पास पहुंचीं, तभी पीछे से तेज गति और लापरवाही से आ रहे ई-रिक्शा (संख्यायू.पी.94 ए.टी. 1469) नेउन्हेंजोरदार टक्कर मार दी।

### बीती रात को आमने सामने टकराई तेज रफ्तार स्लीपर बस से मोटरसाइकिल

# मड़ावरा में भीषण हादसा, बस की टक्कर से बाइक सवार तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मड़ावरा में सोमवार रात 9 बजे स्लीपर बस और बाइक की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक पर सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तीनों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने जांच के बाद तीनों को मृतक घोषित कर दिया। बस मध्य प्रदेश के पृथ्वीपुर से इंदौर जा रही थी। इसी दौरान बाइक को टक्कर मारी और करीब 10 फीट तक घसीटा। जिसके चलते बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बस का भी अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। तीनों मृतक रिश्तेदार थे। मृतक आलोक को शादी के लिए रिश्ता देखने गए थे। तीनों उसी कार्यक्रम से वापस लौटते समय हादसा हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आरोपी चालक के खिलाफ जांच शुरू की। स्लीपर बस मध्य प्रदेश के पृथ्वीपुर से मडावरा के रास्ते इंदौर जा रही थी। रात करीब 9 बजे मडावरा थानाक्षेत्र के मननपुर मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंची। तभी 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही बस ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मारी और करीब 10 फीट तक घसीटा। भीषण टक्कर में बाइक पर सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बस का भी अगले हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी होने पर स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े। उन्होंने सभी घयालों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद तीनों घायलों को मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। बस में कुल 40 लोग सवार थे। हालांकि, बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए। घटना की सूचना पर पर पुलिस मौके पर पहुंची तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलने पर प्रभारी तहसीलदार भी मनोज कुमार श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। मृतकों की पहचान



जयदीप (18) पुत्र रमेश निवासी ग्राम हिलगन, थाना गिरार; आलोक (18) पुत्र पप्पू निवासी ग्राम बम्होरी कलां, थाना मड़ावरा; तथा राजकुमार (19) पुत्र अशोक निवासी पिपरिया जागीर, थाना पाली के रूप में हुई है। तीनों आपस में रिश्तेदार थे। जयदीप तीन बहनों में इकलौता भाई था, जबकि आलोक दो भाइयों में सबसे छोटा था। हादसे के वक्त आलोक की शादी के सिलसिले में आयोजित कार्यक्रम में आलोक का पारिवारिक साला जयदीप और मामेरा भाई राजकुमार शामिल होने आए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर बम्होरी कलां से मड़ावरा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। घटना के समय संबंधित बस में सवार यात्रियों में भी अफरा-तफरी मच गई। जिसको जहां से रास्ता मिला, वह उधर से निकलकर भागा। बाद में रात करीब 11:30 बजे बस मालिक ने दूसरी बस की व्यवस्था कर यात्रियों को उनके स्थानों के लिए रवाना किया। इसके बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया। फरारा चालक की तलाश शुरू कर दी। थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि बाइक पर सवार तीन युवक आपस में रिश्तेदार थे। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ावरा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ललितपुर मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में बवाल

## दोनोंपक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप, पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी

*ललितपुर। ललितपुर मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में सोमवार शाम इलाज को लेकर घायल मरीज और चिकित्सकों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में एक डॉक्टर का हाथ फ्रैक्चर हो गया, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे वार्ड बॉय भी घायल हो गया। वहीं, मरीज पक्ष ने भी डॉक्टरों पर मारपीट और इलाज न करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार, सोमवार 23 फरवरी की शाम करीब 4.30 बजे दो युवक उपचार के लिए इमरजेंसी वार्ड पहुंचे। चिकित्सकों का आरोप है कि युवक शराब के नशे में थे और आते ही गाली-गलौज करने लगे। समझाने का प्रयास करने पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि युवकों ने एक ग्राम प्रधान को मौके पर बुला लिया, जिसके बाद डॉक्टर राजीव कुमार के साथ मारपीट की गई। इस दौरान उनके कपड़े फट गए और हाथ में फ्रैक्चर हो गया। डॉक्टर को बचाने पहुंचे वार्ड बॉय आशीष पंथ के साथ भी हाथापाई हुई, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद चिकित्सकों में रोष फैल गया और उन्होंने सोमवार रात कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं, दूसरे पक्ष के घायल शिवम कौशिक ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि वह इलाज कराने अस्पताल गया था, लेकिन चिकित्सकों ने उसका उपचार नहीं किया और उल्टे उसके साथ मारपीट की। उसने यह भी आरोप लगाया कि डॉक्टरों ने उसकी उंगली तोड़ दी। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से शिकायती पत्र प्राप्त हुए हैं। घटना की सच्चाई जानने के लिए अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।*

## वीडियो देने वाले युवक ने लगाया झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप

*ललितपुर। शहर के नझाई बाजार निवासी एक युवक ने झांसी मण्डल के डीआईजी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश की जा रही है। युवक ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित विशाल लक्ष्यकार पुत्र राकेश लक्ष्यकार ने बताया कि बीती 15 दिसंबर 2025 को टीकमगढ़ स्थित शादी गार्डन में आयोजित एक सगाई समारोह में कुछ लोगों द्वारा अवैध हथियारों से हर्ष फायरिंग की गई थी। युवक का कहना है कि उसने जनहित में उक्त घटना का वीडियो पुलिस को कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराया था। आरोप है कि कार्रवाई करने के बजाय संबंधितों ने मामला रफा-दफा कर दिया। युवक का कहना है कि बाद में फायरिंग का वीडियो स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित होने से वह नाराज हो गए और उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि 20 फरवरी को उसे बुलाकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया तथा छेड़खानी और मानहानि के मुकदमे में फंसाने की चेतावनी दी गई। पीड़ित का यह भी आरोप है कि साजिश के तहत एक महिला की ओर से थाना कोतवाली में उसके खिलाफ धारा 351(3), 352, 75 व 78 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है, जो कि निराधार है, जबकि वह संबंधित महिला को जानता तक नहीं है। पीड़ित ने डीआईजी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उसे झूठे मुकदमे में फंसाए जाने से रोका जाए और दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।*

### सात सदस्यीय समिति गठित होगी

## जिला बार एसोसिएशन की आम सभा में चुनाव की तैयारी तेज



बैठक को संबोधित करते अधिवक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला बार एसोसिएशन की आम सभा की बैठक में वर्ष 2025 के चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। 24 फरवरी 2026 को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सात सदस्यीय चुनाव समिति एल्डर्स कमेटी द्वारा गठित की जाएगी। बैठक में निर्णय हुआ कि गठित चुनाव समिति आगामी चुनाव में भाग लेने वाले सदस्यों को शामिल करते हुए 6 मार्च 2026 से 15 दिन की अवधि में वर्ष 2026 की सदस्यता सूची तैयार करेगी। इसके लिए प्रति सदस्य 200 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। साथ ही यह भी तय हुआ कि बार काउंसिल के नियमों के अनुरूप एल्डर्स कमेटी के सहयोग से नियमित रूप से जनपद न्यायालय में वकालत करने वाले अधिवक्ताओं की अलग मतदाता सूची तैयार की जाएगी। इसके अतिरिक्त जिला बार द्वारा निर्गत बकायनामा का उपयोग करने वाले रेजीडेंसियल सदस्यों तथा बार काउंसिल में पंजीकृत एवं सीओपी बावजूद नियमित वकालत न करने वाले अधिवक्ताओं की नॉन रेजीडेंसियल सूची बनेगी।

## स्व. मुरारीलाल जैन की 6वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा की आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



मंगलवार को कचहरी/जजी कम्पाउंड स्थित परिसर में स्व. मुरारी लाल जैन की 6वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन स्व. मुरारी लाल जैन सहरिया आदिवासी संघर्ष समिति के संरक्षक हरदयाल सिंह लोधी एड. के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान उपस्थितजनों ने स्व. मुरारीलाल जैन के चित्र पर फूलमाला व पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। संरक्षक हरदयाल सिंह लोधी एड. ने स्व. मुरारी लाल जैन के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सहरिया आदिवासी समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके सामाजिक कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा। कार्यक्रम में हरदयाल सिंह लोधी एड., दिनेश शर्मा, महेंद्र कुमार पाराशर एड., कैलाश नारायण एड., मीना, शशिकांत सिंह लोधी एड., अनुराग सिंह लोधी एड. आदि मौजूद थे।

### आधा दर्जन मोटरसाइकिल की गईं जब्त

## बकाया बिजली बिल जमा न करने वालों पर विभाग ने कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा



विद्युत वितरण केंद्र पलेरा अंतर्गत क्षेत्र के बकाया बिजली बिलों की वसूली को लेकर विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए अभियान चलाया है। लंबे समय से बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ अब राजस्व वसूली की कार्रवाई ज़मीनी स्तर पर दिखाई देने लगी है। इसी क्रम में ग्राम पाली, महेंद्र महेवा, बूदौर, गुड़ा एवं टोरी में विभागीय टीम ने दबिश देकर आधा दर्जन डिफॉल्टर उपभोक्ताओं की मोटरसाइकिलें जब्त कर लीं।

जानकारी के अनुसार संबंधित उपभोक्ताओं पर लगभग पौने तीन लाख का विद्युत राजस्व बकाया था। कई बार नोटिस जारी करने, व्यक्तिगत संपर्क करने और भुगतान के लिए समय देने के बावजूद राशि जमा न होने पर विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के तहत कुर्की की कार्रवाई की गई। गांवों में विभागीय टीम के पहुंचते ही बकायादारों में हड़कंप की स्थिति बन गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई किसी दंडात्मक मानसिकता से नहीं, बल्कि राजस्व वसूली करने और नियमित उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के उद्देश्य से की जा रही है। विभाग का कहना है कि जो उपभोक्ता समय पर बिल जमा करते हैं, उनके साथ न्याय करना भी प्रशासनिक जिम्मेदारी है।

सहायक अभियंता लक्ष्मण कुशवाहा ने बताया कि राजस्व वसूली अभियान चरणबद्ध तरीके से लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं पर बकाया राशि लंबित है, ऐसे उपभोक्ता स्वेच्छा से शीघ्र भुगतान करें, अन्यथा कुर्की, कनेक्शन काटने सहित अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विभाग उपभोक्ताओं को भुगतान के लिए पर्याप्त अवसर देता है, लेकिन अनदेखी करने पर सख्त कदम उठाना अनिवार्य हो जाता है। उक्त कार्रवाई को अंजाम देने बाली टीम में लाइनमैन जनक सिंह कुशवाहा सहित आउटसोर्स कर्मचारी भागीरथ अहिरवार, सुनील यादव, अरविंद सूत्रकार, गौरव सेन, दिनेश अहिरवार, अंकुर खरे एवं राजेंद्र मिश्रा की अहम भूमिका रही। पूरी टीम ने समन्वय के साथ राजस्व वसूली अभियान को अंजाम दिया। विद्युत विभाग ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि बकाया वसूली को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समय पर बिल भुगतान ही उपभोक्ताओं को कानूनी कार्रवाई से बचा सकता है। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली बिल को प्राथमिकता देते हुए नियत तिथि के भीतर जमा करें, जिससे अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सके। राजस्व वसूली अभियान की इस सख्ती से यह स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि आने वाले दिनों में भी बकायादारों पर कार्रवाई का दायरा और व्यापक हो सकता है।

### संत गाडगे की जयंती पर धूमधाम से नगर में निकाली गयी शोभायात्रा

## अंधविश्वास, जातिगत भेदभाव मिटाने को संत गाडगे ने उठाई आवाज : राज्यमंत्री मनोहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय रजक समाज भारत के तत्वाधान में स्वच्छता के जनक महान संत गाडगे महाराज की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर नगर में शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा अपने निर्धारित स्थान श्री तुवन मंदिर के सामने से प्रारंभ हुयी। जिसका समापन डा. भीमराव अम्बेडकर पार्क पर हुआ। शोभायात्रा में राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल रजक नीलू, सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, प्रदेश सचिव समाजवादी महिला सभा गीता मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, विनोद मिश्रा, ब्रजेश राजपूत, माधव पाठक सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राहुल रजक गोलू ने की। डा. अम्बेडकर पार्क स्थल पर एक सभा का आयोजन हुआ। जहां अतिथियों ने संत गाडगे महाराज के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने कहा कि संत गाडगे महाराज ने गांव गांव जाकर सफाई अभियान चलाया था। उन्होंने अंधविश्वास, जाति पांति भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। गरीबों और जरूरतमंदों के लिए धर्मशालाएं, छात्रावास सहित अनेक विद्यालय बनवाए। भजन कीर्तन एवं प्रवचनों के जरिए समाज को जागरूक किया। वहीं राज्य महिला आयोग की सदस्या ने संत गाडगे महाराज के पद चिन्हों पर चलने की अपील की। इसके बाद सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए हमें संत गाडगे के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। संचालन रामगुलाम श्रीवास ने किया। इसमें हंसू रजक, एड. रविकांत, महेश श्रीवास, प्रभुदयाल श्रीवास, विवेक श्रीवास, देवेद्र श्रीवास, अमित राजन, हरीओम रजक, पंकज श्रीवास, लालाराम रजक, कन्हैयालाल रजक, मुकेश रजक, फूलचंद्र रजक, रतिराम रजक, श्रीराम रजक, राजेश रजक, रूपेश रजक, पुन्नीलाल, हरीश, सनत रजक, धर्मेन्द्र रजक, पंकज, मंजू, गंगाराम रजक, विनोद, अभिषेक, चाली यादव, विक्की रजक, देशपत रजक, भगवानदास, प्रकाश बाबू, जगरोपन, मनोज, प्रमोद रजक, मनोज, सुमित, राजाराम, चंद्रपाल सिंह ठाकुर, धीरज यादव, राजाराम शर्मा, रामकुमार, सनी, सूरज, बद्री सेन, संतोष कुशवाहा, भरतलाल मौजूद रहे।

## भाजपा जिला कार्यालय पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर





भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री मा असीम अरुण जी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला ने किया। बैठक के प्रारंभ कार्यकर्ताओं द्वारा मंत्री जी का स्वागत पुष्पमाला और बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि मा मंत्री जी ललितपुर की बराबर चिंता करते हैं मैं उनसे भविष्य में दो दिन के जिला प्रवास का आग्रह करता हूं। ललितपुर के नाथ समाज की चिंता करते हुए आज वह महरोनी जा रहे हैं। इसके साथ ही ललितपुर की अनुसूची से बंचित अन्य जातियों के वारे में भी वे विचार करेंगे। मुख्य अतिथि और उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री मा असीम अरुण ने कहा कि मेरे पास ललितपुर जिले के कुछ समाज को लेकर जो बिषय आये हैं और वे बहुत महत्वपूर्ण हैं । उन्होंने कहा कि ललितपुर में बहुत से छोटे छोटे समूह के समाज अनुसूची में सूचीबद्ध होने से छूट गए। जैसे ललितपुर की नाथ समाज, बुनकर समाज की बात की जाये जो सूचीबद्ध नहीं हो सके । उन्होंने कहा कि हम लोग पुनः अभियान चला कर प्रदेश की विभिन्न छूटी जातियों को पुनः अनुसूची में सूचीबद्ध करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना पूरी होने के बाद हम हर जाति के उचित प्रतिनिधित्व के अनुसार पुनः सामाजिक न्याय की वृहद लहर चलायेंगे जिनमें सूचीबद्ध के अन्दर भी बंचित लोगों को अधिकार दिए जाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजनीति दो तरह की होती है पक्ष की और विपक्ष की लेकिन हर तरह की राजनीति सकारात्मक ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस नाते हमें गांव गांव जाकर बजट पर चर्चा करना चाहिए ताकि हम विकास की सकारात्मक राजनीति के बारे में आमजन को वता सकें। उन्होंने कहा कि हमारा आमजन सम्पर्क सर्व व्यापी और सर्वस्पर्शी होना चाहिए। अन्त में पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मा मंत्री जी को काफी प्रशासनिक अनुभव है और वे प्रदेश में बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, पूर्व जिला अध्यक्ष गण प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, जगदीश सिंह लोधी एड, सहकारी बैंक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला बंशीधर श्रीवास, जिला उपाध्यक्ष बसंती लारिया, धर्मेन्द्र कुमार पाठक, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, क्षेत्रीय मोर्चा पदाधिकारी गण घासी राम सहरिया, गौरव गौतम,अजय पटैरिया,डा दीपक चौबे, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा,चन्द्रशेखर पंथ उर्फ चंदू भैया डा राजकुमार जैन,ई भागीरथ बरुआ, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश कुमार खटीक,प्रांतीय प्रतिनिधि शशिशेखर पांडेय, श्रीमती लक्ष्मी रावत,अशोक रावत, मोहनलाल रैकवार,अजय जैन साईकिल,जिला मंत्री रजनी अहिरवार, मनविंदर कौर, रमेश कुशवाहा नझाई, नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर,अवतार सिंह लोधी, ध्रुव सिंह सिसौदिया, रुपेश साहू, दीपक पाराशर, प्रभाकर शर्मा, अभिमन्यु सिंह लोधी एड,जिला पंचायत सदस्य रामू कुशवाहा,नील पटैरिया,घनश्याम दास साहू,हरेन्द्र प्रताप सिंह बुंदेला, रवीन्द्र राजा परमार,सोनू चौबे,मोर्चा अध्यक्ष गण अब्दुल नासिर मंसूरी, सुरेन्द्र प्रताप सिंह रजक,रामचरन सहरिया, अनुराग शैलू, रोहित रावत, दीपक मिश्रा,अनुज शर्मा, वैभव गुप्ता,रामसिंह यादव,शिवम पाराशर,अभिमन्यु सिंह लोधी,राहुल रजक, दीपक मिश्रा, कल्लन कुशवाहा,अमन द्विवेदी,मिहरवान सिंह पटैल, संजय अहिरवार,धर्मेन्द्र सिंह यादव,भरत सिंह बछरई, दुर्ग प्रताप सिंह राजपूत, अरविंद सिंघई,विजय सिंह कुंआतला, जयराम पाल कल्लू, विक्रांत रावत,डा बालकिशन लोधी, संजीव दुबे,जगभान सिंह लोधी एड आदि उपस्थित रहे।

### मुख्यालय स्थित तीनों कंपाजिट शराब दुकानों में से किसी पर नहीं लगी रेट लिस्ट

# बगैर रेट लिस्ट लगाए प्रिंट रेट से महंगे दामों में बेची जा रही शराब

## आबकारी विभाग के जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, लुट रहे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़




राजगढ़ मुख्यालय पर ही विभिन्न कंपनियों की अंग्रेजी सहित देशी शराब निर्धारित रेट से अधिक दामों में बेची जा रही है। मुख्यालय स्थित तीनों कंपाजिट शराब दुकानों के विक्रेताओं ने गाड़ी कमाई करने अपनी दुकानों के बाहर शराब के रेट के संबंध में किसी तरह की रेस्ट लिस्ट का बोर्ड या सूची नहीं लगाई हुई है। गत वर्ष हरिभूमि द्वारा यह मामला उठाए जाने पर कुछ दुकानों पर रेट लिस्ट के बोर्ड लगवाए दिए गए लेकिन अब हालात फिर से पुराने ढर्रे पर नजर आ रहे हैं। इस वर्ष शराब दुकानों का ठेका लेने वाले शराब व्यवसायियों की मनमानी के आगे लोग ठगे जा रहे हैं। इसमें आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यालय की सीमा क्षेत्रान्तर्गत देसी, विदेशी मदिरा की तीन दुकानें हैं। मुख्य बस स्टैंड, मिडवे ट्रीट के सामने एवं तीसरी नेवज नदी के छोटे पुल के समीप पार्क में स्थित हैं। इन तीनों ही दुकानों पर किसी तरह की कोई रेट लिस्ट नहीं लगी हुई है। तीनों दुकानों पर प्रिंट रेट से ज्यादा राशि में महंगी शराब बेची जा रही है। बड़ी बात तो यह है कि जब मुख्यालय स्थित शराब दुकानों पर नियमों की अनदेखी के यह हाल हैं तो अन्य कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति का आंकलन स्वयं ही किया जा सकता है। आबकारी विभाग के कई बड़े अधिकारी मुख्यालय पर ही निवासरत हैं। इसके बावजूद शराब विक्रेताओं की इस मनमानी पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है।

### ठेके पर ही खुलेआम बैठकर शराब पीते हैं लोग

बड़ी बात यह भी शराब दुकानों पर बैठकर शराब पीना पूरी तरह नियम विरुद्ध है। इसके बावजूद सार्वजनिक स्थलों पर स्थित इन शराब दुकानों पर ही लोग खुलेआम बैठकर शराब का सेवन करते देखे जा रहे हैं। स्थानीय बस स्टैंड स्थित स्थित शराब दुकान के पास प्रतिदिन महिलाओं, आम यात्रियों की आवाजाही रहती है। ऐसे में शराब दुकानों के बाहर शराब पीने वाले लोग अक्सर अभद्रता करते भी देखे जा सकते हैं।

### रात में भी मिल जाती है शराब

शराब विक्रेताओं द्वारा नियमों का मखौल उड़ाए जाने का मामला सिर्फ रेट लिस्ट तक ही सीमित नहीं है। बल्कि दुकान खोलने और बंद करने के निर्धारित समय का भी शराब दुकानदारों द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है। पुराने बस स्टैंड स्थित पार्क में भी चौबीसों घंटे शराब मुहैया करवाई जा रही है। हरिभूमि के पास रात 2 बजे इस दुकान से शराब दिए जाने के वीडियो आदि उपलब्ध हैं। इसके साथ ही तीनों दुकानों से प्रिंट से अधिक राशि में बेची जा रही शराब के अलग-अलग समय पर बनाए गए वीडियो भी सुरक्षित हैं।

### इनका कहना है...

मैं अधीनस्थों को भेजकर दुकानों को चेक करवा लेता हूं। मदिरा दुकानों पर रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य है।

रितेश लाल
जिला आबकारी अधिकारी, राजगढ़

### लाखों लोगों में से 1 को होता है लिंग कैंसर

# दुर्लभ कैंसर का किया सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



जिला अस्पताल में सर्जरी विशेषज्ञ डॉ अंकुर देशवाली ने हलाहेडी ग्राम के 35 वर्षीय पुरूष भंवरलाल के लिंग में सूजन और दर्द तथा पेशाब रुकने की शिकायत के साथ जिला अस्पताल में भर्ती हुए। इसमें लिंग कैंसर का मामला सामने आया जिसमें आपातकाल ऑपरेशन योजना और कैथेराइजेशन के साथ आंशिक पेनेक्टॉमी की गई। लिंग ऑपरेशन के दौरान जांच में लिंग पर 25 सेमी की गांठ पाई गई जिसमें नाजुक ऊतक थे और छूने पर खून वह रहा था। कैंसर को हटाकर लिंग का पुनर्निमाण किया गया। इस जटिल ऑपरेशन के बाद मरीज की हालात स्थिर है। उल्लेखनीय है कि इसी सर्जिरी में निजी अस्पताल लाखों का बिल बनाकर मरीज का आर्थिक शोषण करते परंतु डॉ अंकुर देशवाली ने इसको निःशुल्क ही सरकारी जिला अस्पताल में ऑपरेट कर मिशाल कायम की है।

### बाहर आता लाखों का खर्च

यदि निजी अस्पताल में यही ऑपरेशन किया जाता तो लाखों रुपए का खर्च मरीज को बहन करना पड़ता। परंतु डॉ अंकुर देशवाली के चलते यही ऑपरेशन बिना किसी खर्च के पूरा किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ अंकुर देशवाली जिले के लिए वरदान साबित हो रहे हैं जिन्होंने कई क्रिटिकल ऑपरेशन निःशुल्क करके जिले में ख्याती प्राप्त की है।

# 80 साल की महिला के आभूषण लूटने का प्रयास

## शोर मचाने पर ग्रामीण पहुंचे घटना स्थल

**जीरापुर।** ग्राम मान्याखेड़ी में खलिहान में काम कर रही एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला का गला दबाकर चांदी के कड़े लूटने का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कमलाबाई पत्नी स्वर्गीय भंवरलाल गुर्जर, निवासी ग्राम मान्याखेड़ी, रविवार दोपहर करीब 1 बजे अपने खलिहान में कार्य कर रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए एक युवक ने उनका गला दबाकर हाथों में पहने चांदी के कड़े निकालने की कोशिश की। अचानक हुए हमले से महिला घबरा गई और शोर मचाने लगी। खलिहान बायपास एवं गांव के नजदीक होने से शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आरोपी के चंगुल से महिला को छुड़ाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को पकड़कर थाने ले गई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गोपाल पिता नानूराम बागरी, निवासी पिलवास, थाना नलखेड़ा बताया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि जीरापुर क्षेत्र में पूर्व में भी इस प्रकार की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

# छात्रावास रसोईये को हटाया, अधीक्षक को नोटिस जारी

**राजगढ़।** खिलचीपुर क्षेत्र स्थित 50 सीटर विमुक्त जाति बालक छात्रावास के बच्चों को समय पर भोजन न देने व अन्य लापरवाहियों पर प्रशासनिक जांच के बाद रसोईये, छात्रावास अधीक्षक और तैनात जलवाहक पर कार्यवाही की गई है। अंशकालिक रसोईये को जहां मौखिक आदेश पर हटा दिया गया है वहीं जलवाहक का 7 दिन का वेतन काटने एवं अधीक्षक व जलवाहक को शोकाज नोटिस जारी किए गए हैं। जानकारी के अनुसार उक्त छात्रावास के बच्चों ने शिकायत की थी कि उन्हें रविवार को भोजन नहीं दिया गया वहीं छात्रावास में गंदे पानी की समस्या व अन्य लापरवाहियां सामने आई थीं। मामला सामने आने पर प्रशासन ने जब जांच करवाई तो सामने आया कि जलवाहक(स्थाईकर्मी) प्रेमनारायण द्वारा 22 फरवरी की सुबह रसोईघर का ताला लगाकर चला गया था। जिसके चलते बच्चों को खाना नहीं मिल पाया है। मामले में लापरवाही पाए जाने पर छात्रावास अधीक्षक रामप्रसाद को नोटिस देने एवं जलवाहक का 7 दिवस का वेतन काटने के आदेश प्रसारित किए गए हैं। इसके साथी अंशकालिक रसोईये को भी हटा दिया गया है।

**बच्चों ने की थी समय पर खाना न मिलने की शिकायत**

### आरोपियों के पास से ठगी की राशि की गई बरामद

# किसान से 39 लाख की ठगी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**राजगढ़।** क्षेत्र के एक किसान को पहले से बिक चुकी एक जमीन दिलाने के नाम पर 39 लाख की धोखाघड़ी करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। आरोपियों के पास से ठगी की पूरी राशि भी पुलिस ने बरामद कर ली है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने सोमवार दोपहर स्थानीय पुलिस कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला।



### यह था पूरा मामला

एसपी ने बताया कि जगदीश गुर्जर निवासी ग्राम शिवपुरा ने नरसिंहगढ़ थाने में शिकायत की थी कि बांध निर्माण में उनकी जमीन डूब में गई थी। प्रशासन से मुआवजा के रूप में मिली राशि से वो अन्यत्र स्थान पर दूसरी कृषि भूमि क्रय करना चाहता था। इस दौरान जगदीश की मुलाकात धमेंद्र चैहान एवं एवं अजब सिंह दोनों निवासी थाना पथरिया जिला विदिशा से हुई। दोनों ने जगदीश को झांसे में लिया और 75 लाख में एक जमीन का सौदा तय हुआ। फरियादी जगदीश ने बयाना राशि के रूप में 14 लाख नकद एवं 25 लाख रुपए आरोपियों के खाते में ट्रांसफर कर दिए। जब बात जमीन की रजिस्ट्री की आई तो आरोपियों ने हीलाहवाली की। काफी समय बीतने पर भी जब जगदीश को रुपए नहीं लौटाए गए तो उसने नरसिंहगढ़ थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज करवाई।

### पूर्व में ही अन्य को बेची जा चुकी थी जमीन

जांच में ज्ञात हुआ कि संबंधित भूमि पहले से ही किसी अन्य व्यक्ति को बेची जा चुकी थी एवं मामला भी न्यायालय में विचारधीन था। तब नरसिंहगढ़ पुलिस ने पूरा प्लान करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनसे ठगी का पूरी 39 लाख रुपए राशि भी बरामद कर ली।

## तस्करी करते 80.42 किलो गांजा बरामद तीन गिरफ्तार

**कुरावर।** पुलिस ने एनएच 46 नरसिंहगढ़-भोपाल रोड पर स्थित श्रीदेव ढाबा के पास एक ट्रक से 80.42 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत बाजार में लगभग पांच लाख आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान कालू सिंह उर्फ कालूसिंह सोंधिया, राजू उर्फ राजा राठौर और गिरिराज चैहान के रूप में हुई है। ये सभी ग्राम मेनाखेड़ी, थाना जीरापुर, जिला राजगढ़ के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 6477 को रोककर तलाशी ली, जिसमें 80.42 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने इस मामले में धारा 8ध्20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# गुटखा पाउच सहित 17 हजार नकदी और सामान ले उड़ चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिंधी कॉलोनी में बीती रात एक किराना दुकान में चोरी हो गई। चोर दुकान के ताले तोड़कर लगभग 17 हजार रुपए नकद, गुटखा पाउच और अन्य किराना सामान चुरा ले गए। दुकानदार राजेंद्र रामानी रविवार सुबह जब दुकान पहुंचे, तो दुकान के ताले टूटे थे। अंदर सामान बिखरा पड़ा था और नकदी गायब थी।

उन्होंने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। डॉग स्क्वायड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने में मदद कर रही है। दुकानदार राजेंद्र रामानी ने बताया कि उनकी




दुकान से करीब 17 हजार रुपए नकद, राजश्री के पाउच और महंगी टॉफियां सहित अन्य किराना सामान चोरी हुआ है। उन्होंने मुख्य मार्ग पर स्थित दुकान में हुई इस वारदात पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त की। स्थानीय निवासी नरेंद्र धनवानी ने भी सुबह दुकान के ताले टूटे होने और अंदर से नकदी व सामान गायब होने की पुष्टि की। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### अभद्र व्यवहार और पटवारियों की मांग पर ध्यान नहीं दिए जाने की शिकायत

# तहसीलदार के खिलाफ लामबंद हुए पटवारी, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ

तहसीलदार विराट अवस्थी की कार्यप्रणाली से नाराज पटवारी संघ ने सोमवार को तहसीलदार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इस दौरान संघ के बैनर तले कोठी बाग में पटवारी एकत्रित हुए और तहसीलदार की कार्यप्रणाली पर प्रहार किए। इस दौरान पटवारियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी एसडीएम को सौंपकर मामले में कार्यवाही की मांग की है।

पटवारी संघ ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए तहसीलदार को हटाने की मांग की है, पटवारियों का कहना है कि यदि तहसीलदार को नही हटाया गया तो वे काम नही करेंगे। इस दौरान अध्यक्ष हेमंत सक्सेना, सचिव विनोद सक्सेना, बब्लू चैधरी, विजय साहू, सुनील यादव, मनीष जायसवाल सहित बड़ी संख्या में पटवारी मौजूद थे। देखने मे आया है कि तहसीलदार अवस्थी के हठधर्मी रवैये से न केवल पटवारी परेशान है बल्कि आम जनो को भी समस्याएं झेलना पड़ती है। छोटे छोटे कामो के लिए तहसील कार्यालय में परेशान लोगो के आये दिन मामले सामने आते रहते है।



### ज्ञापन में गिनाई समस्याएं

- कई बार लिखित ओर मौखिक शिकायतों के बाद भी डीए का भुगतान नहीं
- समयमान - वेतनमान का भी नहीं मिल रहा लाभ
- नवीन पटवारियों को नहीं मिल रहा फरवरी का वेतन
- हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी पटवारी राघवेंद्र मीणा, अर्चना प्रजापति को एरियर का नहीं कर रहे भुगतान
- कृषि संगणना भुगतान बाकी, देर शाम लेते हैं मीटिंग। महिला पटवारी को होती है अभद्रता
- इमरजेंसी के दौरान भी पटवारियों का अवकाश आवेदन निरस्त कर तहसीलदार अभद्रता करते है।
- फार्मर आईडी में निरन्तर प्रोग्रेस के बाद भी पटवारियों पर अनावश्यक दबाव बनाया जाता है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने प्रमुख जन गोष्ठी का किया आयोजन

**सारंगपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सारंगपुर खंड द्वारा प्रमुख जनों की गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर राजगढ़ विभाग के संघचालक उदयसिंह चौहान एवं तहसील खंड चालक राधेश्याम शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की भूमिका जिला बौद्धिक प्रमुख सुशील व्यास ने प्रस्तुत की। अपने उद्बोधन में चौहान ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के उद्देश्य, कार्यपद्धति तथा शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संघ द्वारा निर्धारित पांच परिवर्तनों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हम सभी को राष्ट्र उत्थान के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

भारत ने सदियों से विश्व का मार्गदर्शन किया है और भविष्य में भी भारत को विश्वगुरु बनाने हेतु समाज के प्रत्येक वर्ग को संगठित होकर कार्य करना होगा। गोष्ठी में सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक




कर्तव्य, शिक्षाचार और स्वदेशी जैसे विषयों पर भी विचार रखे गए। उपस्थित जनों के साथ समाज जीवन में किए जाने वाले करणीय कार्यों पर संवाद किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संघ, पेंशन संघ, शिक्षक संघ, मातृशक्ति, पत्रकार बंधु एवं वरिष्ठ नागरिकगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। अंत में सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# रोगी कल्याण समिति की बैठक मंत्री टेटवाल की मौजूदगी में आयोजित



**सारंगपुर।** रविवार को मंत्री टेटवाल ने सिविल अस्पताल सारंगपुर के परिसर का भ्रमण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। निरीक्षण के बाद मंत्री टेटवाल की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल प्रबंधन एवं प्रशासनिक अधिकारियों सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अस्पताल से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। मंत्री टेटवाल ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से संचालित हों। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता निरंतर जारी रहेगी और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर एसडीएम रोहित बम्होरे, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लाइन क्षतिग्रस्त कर तालाब में भर रहे थे पानी

# पेयजल लाइन में तोड़फोड़ करने वाले ग्रामीणों पर मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

क्षेत्र के मोहनपुरा बांध से संबद्ध जल निगम की पेयजल लाइनों से हर घर, नल से जल पहुंचाया जा रहा है। लेकिन, कुछ ग्रामीणजन अपने व्यक्तिगत स्वार्थों के लिए शासन की महती योजना को पलीता लगाने में जुटे हुए हैं। ऐसे ही तीन किसानों पर जल निगम और प्रशासनिक टीम ने विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज करवाई है।



जानकारी के अनुसार कालीपीठ क्षेत्र में मोहनपुरा की पेयजल पाईपलाईन को क्षतिग्रस्त कर तीन ग्रामीणों द्वारा पानी का का उपयोग तालाब भरने में किया जा रहा था। प्रशासन को इस बात की सूचना मिलने पर जल निगम और पुलिस की टीम को मौके पर भिजवाया गया। सूचना सही पाई गई। यहां तीन किसानों नाथूलाल पिता देवीलाल दांगी, विष्णु पिता रामप्रसाद दांगी एवं शिवनारायण पिता माता प्रसाद द्वारा द्वारा मुख्य पेयजल लाईन में तोड़फोड़ कर पानी तालाब में छोड़ा जा रहा है। इस कृत्य से 20 गांवों में पेयजल सप्लाई बाधित हुई और हजारों ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। ऐसे में उक्त तीनों ग्रामीणों पर बीएनएस की धारा 152 के तहत मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

### मौके पर पहुंची टीम सुचारू करवाई लाइन

जल निगम महाप्रबंधक उमाकांत चौधरी ने बताया कि पाइप लाइनों में नुकसान पहुंचाना एक गंभीर अपराध है। ऐसे में उक्त वैधानिक कार्यवाही करने के साथ ही टीम में शामिल योगेंद्र तोमर, जया शिवहरे व अन्य अमले द्वारा क्षतिग्रस्त लाईनों को तुरंत दुरुस्त भी करवाया गया। चौधरी ने बताया कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं सामने आने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सीएमओ रानवे ने संभाला प्रभार

# मोबाइल प्यूरिफायर एवं कूलिंग वाटर टैंकर का किया लोकार्पण




**सारंगपुर।** नगर पालिका परिषद सारंगपुर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के पद पर प्रशासनिक फेरबदल के बाद दीपक कुमार रानवे ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल की उपस्थिति में कार्यभार संभाला। पूर्व सीएमओ ज्योति सुनहरे को उनकी कार्यप्रणाली के दृष्टिगत संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र. भोपाल के आदेश दिनांक 19 फरवरी 2026 के तहत आगामी आदेश तक संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय, नर्मदापुरम से अस्थाई रूप से संबद्ध किया गया है। इसके अनुक्रम में कलेक्टर (शहरी विकास) जिला राजगढ़ के आदेश दिनांक 20 फरवरी 2026 के तहत उन्हें कार्यमुक्त किया गया। साथ ही नगर परिषद पचोर में पदस्थ प्रभारी सीएमओ दीपक कुमार रानवे को अपने मूल दायित्वों के साथ नगर पालिका परिषद सारंगपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया।